दैनिक सब पर नजर, सबकी खबर
मृदुल पत्रिका
माँ शैलपुत्री
पृष्ठ 8 वर्ष 16 मूल्य 2.00 रुपए अंक 53 जयपुर, गुरुवार, 03 अक्टूबर, 2024 RNI/RAJHIN/2008/27048 dainikmridulpatrika@gmail.com 9413193990

सीएसआईआर-सीरी में स्वच्छ भारत दिवस मनाया

संस्थान के निदेशक डॉ पंचारिया ने सहकर्मियों को स्वच्छता शपथ दिलाई

पिलानी (मृदुल पत्रिका)। भारत सरकार एवं सीएसआईआर के निर्देशानुसार सीरी संस्थान में महात्मा गांधी एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री पं. लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा 4 वर्ष पूर्व आरंभ किए गए विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया ने सहकर्मियों को स्वच्छता शपथ दिलाई और राष्ट्र के परिप्रेक्ष्य में स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया।

डॉ पंचारिया के नेतृत्व में संस्थान के सहकर्मियों ने सामुदायिक कर्तव्य का निर्वहन करते हुए संस्थान परिसर के नेहरू उद्यान एवं सीरी एवं बिट्स-पिलानी के बीच स्थित गौरव पथ पर भी स्वैच्छिक श्रमदान किया एवं विद्याविहार नगरपालिका क्षेत्र में आने वाली दो बड़ी नालियों की सफाई के साथ उसके किनारे लगी अनावश्यक घास-फूस व झाड़ियों को भी हटाया। संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी रमेश बौरा ने बताया कि इस स्वैच्छिक श्रमदान अभियान में संस्थान के वैज्ञानिकों एवं अन्य कार्मिकों के साथ उनके परिजनों ने भी उत्साहपूर्वक अपना सहयोग एवं योगदान दिया। अंत में पीएमई प्रमुख प्रमोद तंवर, प्रधान वैज्ञानिक ने इस राष्ट्रीय अभियान में अपना सहयोग देने के लिए सभी सहकर्मियों एवं उनके परिजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बागवानी अनुभाग के प्रभारी डॉ आर के सिंह और संस्थान के स्वच्छता प्रहरी किशन लाल एवं उनकी टीम की मुक्त कंठ से सराहना की।